भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4093**

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: फसल बीमा दावों की वर्तमान स्थिति**

**4093. श्री राम शिरोमणि वर्मा:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएमएफबीवाई के अंतर्गत किसानों को बीमा दावों के भुगतान में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के श्रावस्ती और बलरामपुर मंडलों में फसल बीमा दावों की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क):** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के प्रावधानों के अनुसार सभी प्रमुख कार्य जैसे कि बीमा मॉडल का चयन, पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से बीमा कंपनियों का चयन, किसानों का नामांकन, स्वीकार्य दावों की गणना के लिए फसल उपज/फसल नुकसान का आकलन, संबंधित राज्य सरकार या राज्य सरकार के अधिकारियों और संबंधित बीमा कंपनी की संयुक्त समिति द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के उचित कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक स्टेकहोल्डर की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां योजना के प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों (ऑपरेशनल गाइडलाइन) में परिभाषित की गई हैं।

यद्यपि अधिकांश दावों का निपटारा योजना के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर कर दिया जाता है, फिर भी बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/विलंब से प्रस्तुत करने के कारण भुगतान न करने, भुगतान में देरी और दावों का कम भुगतान करने के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं; उपज के आंकड़ों में विसंगति और इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के बीच विवाद, राज्य सरकार का हिस्सा प्रदान करने में देरी, बीमा कंपनियों द्वारा पर्याप्त कर्मियों की तैनाती न करना आदि। योजना के अंतर्गत स्थापित स्तरीय शिकायत निवारण/विवाद समाधान तंत्र के अनुसार अधिकांश शिकायतों का उचित समाधान किया गया है।

**(ख):** पीएमएफबीवाई में डेटा निर्वाचन क्षेत्रवार या मंडलवार नहीं रखा जाता है। तथापि, वर्ष 2019-20 से 2022-23 के दौरान पीएमएफबीवाई के तहत उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में नामांकित किसान आवेदनों की संख्या और भुगतान किए गए दावों की स्थिति नीचे दी गई है:

| **जिला** | **किसानों के आवेदन (संख्या में)** | | | | **भुगतान किये गये दावे (रूपये करोड़ में)** | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
| **बलरामपुर** | 19,697 | 13,715 | 14,612 | 30,372 | 0.42 | 0.79 | 1.14 | 13.15 |
| **श्रावस्ती** | 39,493 | 39,345 | 41,156 | 47,303 | 4.76 | 3.61 | 13.60 | 18.85 |

*****